# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर 453771
**Phone : 0731-2811189, Email – sanchi13a@gmail.com**

## होर्डिंग्स/यूनीपोल्स/यूटिलीटी बोर्ड एवं ट्रायपोल-बूथ के माध्यम से विज्ञापन हेतु अल्पकालिन ई-निविदा सूचना

इन्दौर शहर एवं संघ के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत आने वाले जिलें – देवास, धार, बडवानी, खण्डवा, खरगौन, झाबुआ, अलीराजपुर, बुरहानपुर एवं सेंधवा में व्यापक प्रसार–प्रचार हेतु चयनीत चौराहों व प्रमुख मार्गों पर यूनिपोल्स, होर्डिंग्स एवं यूटिलीटी बोर्ड, ट्रायपोल–बूथ मासिक किराये पर प्रति वर्गफुट के आधार पर दरे अल्पकालिन ई–निविदा के माध्यम से आंमत्रित है। चयनित स्थानों का विवरण निविदा पत्र में दिया गया है।

**प्रस्तावित निविदा से संबंधित प्री–बीड बैठक** विस्तृत चर्चा हेतु दिनांक 15.12.2020 को दोपहर 03:00 बजे संघ कार्यालय में आयोजित है। जिसमें इच्छुक निविदाकार कार्य संबंधी चर्चा हेतु उपस्थित हो सकते है।

प्रस्तावक अपनी दरें जिसमें फ्लेक्स मुद्रण एवं पेस्टिंग कार्य भी सम्मीलित होगा, स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी के लिए एम.पी.सी.डी.एफ. की वेब साइट www.sanchidairy.com पर देखा जा सकता है एवं तथा निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य रू. 500/- का Online भुगतान कर वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 23-12-2020 दोपहर 01:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। जिसे दिनांक 24-12-2020 को दोपहर 3:00 बजे खोला जावेगा। निविदा ऑफर को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या., इन्दौर के पास सुरक्षित रहेगा। इस निविदा सम्बन्धी कोई संशोधन होता है तो वह उपर वर्णित वेबसाईट के अलावा अन्यंत्र कहीं भी प्रकाशित नहीं की जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

सॉची दूध, डेयरी उत्पाद, मिठाईयॉ एवं रियल मिल्क आईसक्रीम शुद्ध एवं स्वादिष्ट

आवेदन मूल्य रू. – **500.00**

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

# होर्डिंग्स / यूनिपोल्स / यूटिलीटी बोर्ड एवं ट्रायपोल–बूथ हेतु निविदा प्रपत्र

# वर्ष 2020–21


इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर **453771**

**Phone : 0731-2811189 Email – sanchi13a@gmail.com**

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

## होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ हेतु ई–निविदा वर्ष 2020

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य संबंधी प्री–बीड चर्चा | प्री–बीड बैठक दिनांक 15.12.2020 को दोपहर 03.00 बजे<br>स्थान – प्रशासकीय भवन, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ |
| 2 | ई–निविदा ऑन–लाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 23.12.2020 दोपहर 01.00 बजे तक |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.12.2020 दोपहर 03.00 बजे |
| 4 | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 500/– (पॉच सौ रूपये मात्र) |
| 5 | ई–निविदा के साथ जमा की जाने वाली ई. एम.डी. राशि | रू. 25000.00/– (रू. पच्चीस हजार मात्र)<br>भाव पत्र में सामग्रीयों के सम्मुख टंकित।<br>केवल ऑनलाईन ही जमा की जावे। |
| 6 | तहनीकी अर्हताऐं का प्रारूप एवं आवश्यक सामान्य शर्ते | प्रपत्र 01, 02 |
| 7 | भाव पत्र/दरें प्रस्तुत करने का प्रारूप | प्रपत्र 03 |
| 8 | अनुबंध का प्रारूप | प्रपत्र 04 |
| 9 | ई–निविदा खोलने का स्थान एवं पता | इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर<br>चांदा तलावली मांगलिया, इन्दौर |

आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय ध्यान रखा जावे कि :–

- EMD राशि (धरोहर राशि) केवल आनलाईन ही जमा की जावे।
- प्रस्तावक द्वारा ई–निविदा में आवश्यक दस्तावेजों को केवल ऑनलाईन ही अपलोड किए जावें।
- शर्त आधारित निविदायें निरस्त की जावेगी।
- उपरोक्त तिथियों में यदि शासकीय अवकाश घोषित होता है तो आगामी कार्यालयीन दिवस में ई–निविदा खोली जावेगी।

प्रपत्र क्रमांक – **01**

## होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ हेतु निविदा प्रपत्र वर्ष 2020–21

1. निविदाकार को निविदा प्रपत्र 02 पूर्णरूप से भरकर अपलोड करना अनिवार्य है।
2. दुग्ध संघ द्वारा होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ हेतु निविदा प्रपत्र 2020–21 हेतु निविदाएँ जारी की गई है, जिसकी कुल ईएमडी राशि रू. 25000/– निर्धारित है।
3. निविदा स्वीकृत होने के बाद किसी भी कारणवश कार्य नहीं करने पर निविदाकार की अर्नेस्टमनी राजसात करने का निर्णय मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ आवेदक निविदाकार द्वारा दी गई जानकारी यदि असत्य प्रमाणित होती है तो अर्नेस्टमनी राजसात करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा, साथ ही निविदाकार की ऐसा निविदा निरस्त समझी जावेगा।
5. भण्डार क्रय नियमों के अन्तर्गत केवल न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदाकार से मोलभाव **(**नेगोशिएशन**)** कर दरों का अंतिम निर्धारण किया जा सकेगा। अनुबंधीय कार्य से संबंधित प्रस्तावकों के साथ प्री–बीड बैठक दिनांक 15.12.2020 को दोपहर 3 बजे संघ प्रशासकीय कार्यालय में आयोजित है जिसमें निविदाकार भाग ले सकता है।
6. निविदा स्वीकृत की स्थिति में सफल निविदाकार को संघ द्वारा निर्धारित औपचारिकताऐं पूर्ण कर निर्धारित प्रारूप अनुसार रूपये 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा ।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा साथ ही किस निविदाकार को कितना कार्य प्रदान करना है, जिसका निर्णय प्रबंध के पास सुरक्षित रहेगा।
8. निविदा प्रपत्र के साथ संघ के साथ किये जाने वाले अनुबंध प्रपत्र एवं कार्य विवरण का प्रारूप संलग्न है, जिसकी शर्तें आवश्यक रूप से पढ़ कर समझ लें, शर्तों की अस्पष्टता होने पर महाप्रबन्धक (विपणन) से चर्चा की जा सकती है।
9. निविदा स्वीकृति के उपरांत निविदाकार की कार्य अवधि प्रथमतः 02 माह अथवा संतोषपूर्ण कार्य पर, एक वर्ष के लिए होगी। निविदाकार का कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर दोनों पक्षों की सहमति से अधिकतम एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि तक बढ़ाया जा सकेगा।
10. कार्य आदेश से पूर्व सभी औपचारिकताएं निर्धारित अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में कार्यवाही पूर्ण न होने पर कार्य आदेश निरस्त किया जा सकेगा एवं अमानत राशि भी राजसात की जा सकेगी।
11. निर्माता को फ्लेक्स बोर्ड का निर्धारित डिजाईन एवं आकार में बनाये जाने होगें, जिसमें कोई परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

12. निविदाकार को निविदा स्वीकृत होने पर पूरे कार्य को करने की प्रतिभूति राशि जमा करना अनिवार्य है, जिसकी सूचना निविदा स्वीकृत होने के पश्चात संबंधित निविदाकार को सूचित किया जावेगा, उसके पश्चात कार्य आरंभ होगा।
13. निविदाकार को शासकीय/सहकारी संस्था के साथ कार्य करने का अनुभव होने पर उसे प्राथमिकता दी जावेगी। इस हेतु कार्यादेशों की छायाप्रति ऑन लाईन अपलोड करना होगी।
14. निविदाकार के पास **GST** नम्बर होना अनिवार्य है।
15. दुग्ध संघ के कोई भी अधिकारी/कर्मचारी, माननीय अध्यक्ष, एवं संचालक मण्डल के सदस्य स्वयं अथवा उनके रिश्तेदार निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे, इस बाबत् निविदाकार को इस आशय का नोटराईज्ड शपथ पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
16. निविदाकार को निविदा के साथ इस आशय का नोटराईज्ड शपथ पत्र संलग्न करना होगा कि एमपीसीडीएफ भोपाल अथवा सम्बद्ध किसी भी दुग्ध संघ द्वारा आवेदक को किसी भी प्रकार की अनियमितता के कारण टर्मिनेट अथवा ब्लेक लिस्ट (काली सूची) नहीं किया गया हो।
17. होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ शहर के प्रमुख चौराहों/उसके समीप प्रमुख मार्गो पर स्थित स्थानों पर जो कि निविदाकार की स्वयं की मिल्कियत के होंगे उनकी स्पष्ट दरें प्रति वर्ग फुट के आधार पर प्रस्तुत की जावेंगी। निविदाकार को इस संबंध में मालिकाना हक के संबंध में नगर निगम या अन्य शासकीय संस्था के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके आभाव में निविदा निरस्त मानी जावेगी।
18. होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड, ट्रायपोल बूथ की दरें निविदाकार बैक लाईट अथवा फ्रंट लाईट अथवा यदि बिना लाईट के होंगे। दरें में उल्लेखित कर उनके फोटो भी प्रस्ताव पत्र के साथ अथवा मांगने पर प्रबंध की कमेटी को देने होंगे।
19. विज्ञप्ति में वर्णित स्थानों के आसपास के उपलब्ध रिक्त बोर्ड पर प्रबंध की मंशा पर प्रस्ताव स्थानांतरित किया जाना होगा।
20. निविदा में वर्णित प्रति वर्ग फुट की दरों मे अनुबंध की अवधि में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जावेगी।
21. निविदा के प्रस्ताव में उपलब्ध रिक्त होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ का चयन प्रबंध की गठित कमेटी करेगी एवं किस प्रस्तावक को कितना कार्य दिया जावेगा, यह प्रबंध के विवके पर निर्भर रहेगा।
22. विभिन्न प्राप्त निविदाओं के द्वारा निविदाकारों के प्रस्ताव पर किस निविदाकार से कितने होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ किराये पर लिए जाने है, यह प्रबंध के निर्देश पर निर्भर करेगा।
23. प्राकृतिक विपदाओं जैसे आंधी, अतिवृष्टि आदि पर क्षतिग्रस्त फ्लेक्स निविदाकार को तत्काल बदलने होंगे। विलंब पर प्रतिदिन के मान से शास्ति आरोपित की जावेगी।

24. बैकलाईट/फ्रंटलाईट के चयनित साईट पर किसी भी खराबी के चलते यदि पूर्ण लाईट का प्रवाह बाधित होगा तो उसे तत्काल सुधारना होगा। इन विफलता पर प्रबंध द्वारा शास्ति प्रतिदिन के मान से किराये/अन्य शास्ति की राशि उस स्थान के अनुसार प्रबंध वसूल करेगा।

25. यदि किसी कारणवश चयनित स्थान का डिस्प्ले हटाया जाता है तो वैकल्पिक स्थान का चयन प्रबंध करेगा। तदनुसार ही स्थान परिवर्तन निविदाकार कर सकेगा।

26. मासिक किराये का पूर्ण देयक इन्दौर शहर हेतु एवं अन्य शहरों के देयक संबंधित प्रबंध को जारी कर भुगतान हेतु संभवतः माह की 10 तारीख तक भुगतान हेतु प्रेषित किये जावेंगे का भुगतान यदि कोई राशि की शास्ति आदि की होने पर कटोत्रे पश्चात् प्रबंध करेगा।

27. चयनित डिस्प्ले पर संघ के प्रदर्श के अलावा किसी भी अन्य संस्थान/राजनैतिक दलों/अथवा अन्य कोई भी डिस्प्ले नहीं लगाया जावेगा।

28. डिस्प्ले बोर्ड स्टार ब्रांड की शीट पर मुद्रित होंगे ताकि प्रस्तावित डिस्प्ले के विज्ञापन स्पष्ट बहुरंग में दर्शित हों।

मेरे द्वारा **(**निविदाकार**)** सॉची ई–निविदा की आवश्यक शर्ते की निविदा एवं अनुबंध की शर्ते पढ़ व समझ ली है तथा मैं/हम सभी शर्तों को मानने के लिए सहज तैयार हूँ/है। निविदा में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि मेरे द्वारा निविदा में प्रस्तुत जानकारी असत्य प्रमाणित होती है या मैं वर्णित सभी शर्तों का पालन नहीं करता हूँ, तो मेरी निविदा निरस्त कर मेरी अर्नेस्टमनी राजसात करने का प्रबंध द्वारा यदि निर्णय किया जाता है तो मैं इस हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

हस्ताक्षर

आवेदक का नाम एवं पता

**प्रपत्र क्रमांक – 2**

प्रति,

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या.
इन्दौर ।

महोदय,

होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ हेतु निर्माण दिनांक .......12.2020 को समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा के संदर्भ में निवेदन करता हुॅ कि मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र में वर्णित समस्त शर्ते एवं निर्देश पढ कर समझ लिए गये है। यदि मेरी निविदा स्वीकृत की जाती है तो मैं निर्धारित शर्तों के अनुसार कार्य करने हेतु सहमत हूँ।

**तकनीकी अर्हताऐं**

| क्रं0 | आवश्यक अर्हता | विवरण जानकारी | ई–निविदा के साथ अपलोट किए जाने वाले आवश्यक स्व प्रमाणित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1 | ठेकेदार का नाम व पता<br>(संस्था/फर्म आदि का पंजीयन का प्रमाण) | | संस्था पंजीयनकर्ता कार्यालय का पत्र/ प्रमाण पत्र |
| 2 | यदि कोई पार्टनर हों तो उनका नाम व पता | | पंजीकृत पार्टनरशिप डीड |
| 3 | संस्था/फर्म होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम | | संस्था/फर्म के संचालक मण्डल/मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अधिकार पत्र |
| 4 | निविदाकर्ता का पेन कार्ड नम्बर होना अनिवार्य | | पेनकार्ड की छायाप्रति संलग्न |
| 5 | निविदाकर्ता का जी.एस.टी. नम्बर | | जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति संलग्न |
| 6 | निविदाकार को शासकीय/सहकारी संस्था के साथ कार्य करने के अनुभव का प्रमाण–पत्र। | | इस हेतु कार्यादेशों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 7 | बैंक का नाम एवं खाता क्रमांक | | बैक स्टेटमेंट की एक वर्ष की छायाप्रति या निरस्त चैक लगावें। |
| 8 | इस निविदा में हमारे द्वारा हमारे द्वारा वांछित कार्य हेतु फायनेंशियल बीड में दरें प्रस्तुत की है, निविदा की ई.एम.डी. हेतु राशि रू. 25000/– ऑन लाईन जमा की गई है। | | भौतिक रूप से मूल रसीद संलग्न होना अनिवार्य है। |
| 9 | स्वयं के मालिकाना हक वाने होर्डिंग्स/यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड व ट्रायपोल–बूथ | | नगर निगम/निकायों व अन्य शासकीय संस्थाओं के द्वारा जारी सूचीवार प्रणाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है। |

| क्र0 | आवश्यक अर्हता | विवरण जानकारी | अनिवार्यः संलग्न किये जाने वाले स्व प्रमाणित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 9 | निविदा फार्म रू. 500/- का भुगतान कर क्रय करें। | | ऑनलाईन भुगतान की रसीद संलग्न करें। |
| 10 | निविदाकार दुग्ध संघ के कोई भी अधिकारी/कर्मचारी, माननीय अध्यक्ष एवं संचालक मण्डल के सदस्य स्वयं अथवा उनके रिश्तेदार नहीं है। इस बाबद निविदाकार को शपथ पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। | | इस हेतु रू. 100 के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र संलग्न करें। |
| 11 | निविदाकार को निविदा के साथ इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना होगा कि एमपीसीडीएफ भोपाल अथवा संबद्ध किसी भी दुग्ध संघ द्वारा आवेदक को किसी भी प्रकार की अनियमितता के कारण टर्मिनेट अथवा ब्लेक लिस्ट (काली सूची) नहीं किया गया हो। | | इस हेतु रू. 100 के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र संलग्न करें। |

**नोट :-**

- उक्त दस्तावेजों (जिनकी छायाप्रतियां मांगी गई है) की स्वयं के द्वारा प्रमाणित स्पष्ट छायाप्रतियां ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य है, तथा निविदा स्वीकृति होने पर मूल दस्तवेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
- उपरोक्त जानकारियों में से कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर निविदा निरस्त कर अमानत राशि राजसात की जा सकेगी।

हस्ताक्षर ------------------------------------

नाम :- ------------------------------------

पता :- ------------------------------------

------------------------------------

टेलीफोन नं. ------------------------------------

मोबईल नं ------------------------------------

ई-मेल नं. ------------------------------------

**प्रपत्र क्रमांक – 03**
**(फाईनेंशियल बीड का प्रारूप)**

दरें प्रति वर्ग फुट के आधार पर प्रति उपलब्ध साईट अनुसार :–

| स्थान का विवरण | दरें होर्डिंग्स लाईट वाले | | दरें होर्डिंग्स बिना लाईट वाले | | दरें यूटिलिटी बोर्ड | | दरें यूनिपोल्स | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आकार | दरें | आकार | दरें | आकार | दरें | आकार | दरें |
| पलासिया | | | | | | | | |
| विजय नगर | | | | | | | | |
| एल.आई.जी. क्षेत्र | | | | | | | | |
| मेघदूत गार्डन | | | | | | | | |
| हीरा नगर | | | | | | | | |
| परदेशीपुरा | | | | | | | | |
| संगम नगर | | | | | | | | |
| जेल रोड मार्ग | | | | | | | | |
| सुभाष मार्ग | | | | | | | | |
| बड़ा गणपति | | | | | | | | |

अवतरित.........

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धार रोड | | | | | | | | |
| एअर पोर्ट | | | | | | | | |
| गंगवाल बस स्टैण्ड | | | | | | | | |
| महू नाका | | | | | | | | |
| अन्नपूर्णा मार्ग | | | | | | | | |
| फूटी कोठी | | | | | | | | |
| राजेन्द्र नगर | | | | | | | | |
| राजीव गांधी चौराहा | | | | | | | | |
| माणिक बाग | | | | | | | | |
| कलेक्ट्रेट | | | | | | | | |
| हरसिद्धि | | | | | | | | |
| एम.जी. रोड | | | | | | | | |
| जवाहर मार्ग | | | | | | | | |

अवतरित.........

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्हाय.एन. रोड | | | | | | | | |
| मधुमिलन चौराहा | | | | | | | | |
| छावनी | | | | | | | | |
| कंचन बाग | | | | | | | | |
| गीता भवन | | | | | | | | |
| पटेल ब्रिज | | | | | | | | |
| रेस कोर्स रोड | | | | | | | | |
| मालवा मिल | | | | | | | | |
| नवलखा | | | | | | | | |
| सपना संगीता | | | | | | | | |
| खातीवाला टैंक | | | | | | | | |
| भवर कुआं | | | | | | | | |
| रेलवे स्टेशन | | | | | | | | |

अवतरित.........

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रीगल चौराहा | | | | | | | | |
| राम बाग | | | | | | | | |
| राजवाड़ा | | | | | | | | |
| मरीमाता क्षेत्र | | | | | | | | |
| पूर्वी रिंग रोड | | | | | | | | |
| पश्चिमी रिंग रोड | | | | | | | | |
| खजराना | | | | | | | | |
| आनंद बाजार | | | | | | | | |
| बाम्बे हास्पिटल क्षेत्र | | | | | | | | |
| बुरहानपुर, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |
| खण्डवा, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |
| खरगौन, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |
| झाबुआ, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धार, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |
| सेंधवा, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |
| बडवानी, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |
| अलीराजपुर, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |
| देवास, (इन्दौर शहर से प्रवेश मार्ग) | | | | | | | | |

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

निविदाकार का नाम :—

फर्म का नाम :—

प्रपत्र क्रमांक – 04

(अनुबंध शर्तों का प्रारूप खण्ड –अ)

## होर्डिंग्स /यूनिपोल्स/यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ मासिक किराये पर दिए जाने की शर्तें

यह अनुबंध आज दिनांक ............................ को प्रथम पक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर एवं श्री/मेसर्स ........................................................................ जिन्हे आगे ठेकदार के नाम से संबोधित किया जावेगा, के मध्य निष्पादित किया गया है। इस अनुबंध के तहत निम्न शर्तों के अधीन ही कार्य संपादित करेगें –

1) इन्दौर दुग्ध संघ द्वारा उपलब्ध कराये गये डिजाईन को निर्धारित आकार में स्टार ब्राण्ड के फ्लेक्स पर बहुरंगीय प्रारूप मुद्रित करने होंगे।
2) एक माह की अग्रिम सूचना देकर यह अनुबंध निरस्त करने का अधिकार दुग्ध संघ को होगा। इसके लिए दुग्ध संघ किसी भी तरह की न्यायालयीन प्रक्रिया से मुक्त होगा। यदि ठेकेदार इस अनुबंध के तहत कार्य नहीं करना चाहता है तो उसे दुग्ध संघ को एक माह का लिखित अग्रिम नोटिस कार्य छोड़ने बाबत् देना होगा।
3) कार्य, कार्यादेश जारी होने के बाद निश्चित अवधि में पूर्ण करना होगा तथा भुगतान प्रति माह पूर्ण होने के पश्चात ही किया जाएगा।
4) अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी परिस्थिति में अनुबंध को जारी रखना संभव न होने की स्थिति में एक माह की पूर्व सूचना पर अनुबंध समाप्त करने का अधिकार प्रबंध को होगा।
5) यह कि इस अनुबंध हेतु ठेकेदार द्वारा प्रथम पक्ष के पास रूपये प्रतिभूति की राशि को अनुबंध समाप्ति पर बिना ब्याज के वापस किया जावेगा। इस राशि में से शास्ति अथवा वसूली योग्य राशि भी प्रतिभूति राशि से वसूल की जा सकेगी।
6) यह अनुबंध हस्ताक्षर के दिनांक से प्रथमतः दो माह तथा कार्य संतोषपूर्ण रहने पर कार्य की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी जावेगी। इसके अन्तर्गत उल्लेखित निर्देशों की अवहेलना करने या संतोषप्रद काम नहीं होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा बिना कोई कारण बताये ठेका समाप्त किया जा सकेगा, एवं ठेका समाप्त किये जाने पर ठेकेदार किसी भी क्षतिपूर्ति का अधिकारी नहीं होगा।
7) ठेकेदार को अपना ठेका किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित करने का अधिकार नहीं होगा, और न ही उप ठेकेदार नियुक्त कर सकेगा। यदि ऐसा पाया गया तो ठेका तुरंत निरस्त करने का अधिकार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ को होगा ।
8) इस अनुबंध में जो दरें स्वीकृत की गई है वह दरें अनुबंध अवधि में परिवर्तित नहीं की जाएगी।
9) उपरोक्त किसी भी शर्तों एवं दुग्ध संघ द्वारा दिए गए निर्देशों, शर्तों एवं सूचनाओं की अवहेलना होने की स्थिति में ठेका निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ को होगा।

10) यदि पक्षकारों के बीच इस ठेके के विषय में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे निराकरण हेतु Arbitrator अध्यक्ष, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ इन्दौर के समक्ष रखा जावेगा। उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।

11) उपरोक्त शर्तों के अलावा संघ के हित एवं कार्य की दशा को देखते हुए परिस्थितिवश कोई भी अतिरिक्त शर्त लगाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, को होगा।

12) यदि ठेकेदार शर्तों के परिचालन में असमर्थ है या ठेका अनुबंध समाप्त करना चाहता है तो उसको एक माह पूर्व संघ को लिखित सूचना देना होगा, ऐसा न करने पर संघ द्वारा प्रतिभूति राशि एवं शेष देयकों की राशि राजसात की जा सकेगी।

13) ठेकेदार द्वारा अनुबंध की सभी अथवा किसी भी निबंधन एवं शर्तों के भंग करने पर इस अनुबंध को निरस्त करने एवं कोई अन्य व्यवस्था करने के लिए इन्दौर दुग्ध संघ स्वतंत्र रहेगा, इस प्रकार के अनुबंध के निरस्त होने की दशा में ठेकेदार द्वारा इन्दौर दुग्ध संघ के पास जमा कराई गई प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी, एवं इस प्रकार के अनुबंध के निरस्त होने के कारण इन्दौर दुग्ध संघ को होने वाली क्षतियों एवं हानियों का भुगतान ठेकेदार को इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा मांग करने पर तुरंत करना होगा, क्षतियों एवं हानियों का निर्धारण जो कि ठेकेदार से वसूल की जाना है के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

14) इस अनुबंध से संबंधित कोई भी विवाद केवल पंजीयक सहकारी संस्थाए म.प्र. के न्यायालय में ही प्रस्तुत करेंगे।

15) उपरोक्त अनुबंध के शर्तों के अलावा समय–समय पर संघ द्वारा जो भी लिखित निर्देश पत्र/परिपत्र के माध्यम से दिए जाएंगें, वे सभी इस अनुबंध के भाग माना जाऐंगे एवं उसके पालन हेतु ठेकादार बंधनकारी होगा।

16) इस अनुबंध का न्यायिक कार्यक्षेत्र, इन्दौर शहर का न्यायालय होगा।

मेरे द्वारा उपरोक्त अनुबंध की शर्ते पढ़ व समझ ली है तथा मैं/हम सभी शर्तो को माननें के लिये सहज तैयार हूं/है। निविदा में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि मेरे द्वारा निविदा में प्रस्तुत जानकारी असत्य प्रमाणित होती है या मैं वर्णित शर्तो को पालन नहीं करता हूं तो मेरी अर्नेस्टमनी राजसात करने का प्रबंध द्वारा निर्णय किया जाता है, इस हेतु अपनी सहमती देता हूं। उपरोक्त वर्णित शर्तो में निविदा प्रक्रिया के दौरान आये किसी बदलाव का समयावेश अनुबंध की शर्तो में हो सकेगा।

हस्ताक्षर

**आवेदक का नाम एवं पता**

नाम.................................................................. पिता/पति का नाम ................................................................... ...... आयु ................ निवासी ................................................................ ऊपर उल्लेखित हस्ताक्षरित की गई निविदा क्षेत्र मेरे द्वारा भलीभांति पढ़कर/समझकर एवं स्वीकार कर इन्दौर दुग्ध संघ के पक्ष में हस्ताक्षरित की गई।

| | |
|---|---|
| **हस्ताक्षर** | **हस्ताक्षर** |
| **मुख्य कार्यपालन अधिकारी** | आवेदनकर्ता |
| इन्दौर सह.दुग्ध संघ मर्या, इन्दौर | नाम : ...................................................... |
| (प्रथम पक्ष) | (द्वितीय पक्ष) |

## गवाह

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| नाम : ..................................................... | नाम : ..................................................... |
| पिता : ...................................................... | पिता : ...................................................... |
| पता : ....................................................... | पता : ....................................................... |

**प्रपत्र क्रमांक – 5**

## ई.एम.डी. राशि जमा हेतु आवेदन

मेरे द्वारा इन्दौर दुग्ध संघ द्वारा जारी होर्डिंग्स, यूनिपोल्स, यूटिलिटी बोर्ड एवं ट्रायपोल बूथ मासिक किराये पर लिए जाने हेतु ई.एम.डी. राशि रू. 25000/– मेरे द्वारा आनलाईन जमा की जा रही है।

हस्ताक्षर ——————————————————

नाम :– ——————————————————

स्थाई पता :– ——————————————————

मोबईल नं ——————————————————

ई–मेल नं. ——————————————————

ꝏ------X------ꝏ